## एक नजर में

### मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्स्य परिवहन पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध : कलेक्टर

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3(2) के अंतर्गत कलेक्टर अदिती गर्ग द्वारा जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट निषेध किया गया है। इस दौरान मत्स्याखेट की रोकधाम मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्सय परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा-3(2) के प्रावधानों के विरूद्व एवं मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लघनकर्ताओं को एक वर्ष तक का कारावास या 5 हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग द्वारा छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं लाया गया है को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंदऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत-प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि ने किसी प्रकार का मत्स्याखेट एवं परिवहन व विक्रय न करे एव ना ही इन कार्यों में सहयोग दे। नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

### गो निःशुल्क टीकाकरण 31 जुलाई तक होगा

**मंदसौर।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (इष्टष्टक-स्नस्ष्ठ) योजना के अंतर्गत जिले के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में खुरपका-मुँहपका टीकाकरण कार्यक्रम 31 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 4 माह से अधिक आयु के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में निःशुल्क खुरपका-मुँहपका टीकाकरण किया जाएगा। खुरपका-मुँहपका बीमारी होने पर पशुओं के मुंह में छाले एवं पेरों में घाव हो जाते हैं। दुधारू पशुओं में दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिससे पशु पलकों को आर्थिक नुकसान होता है। बीमारी बढ़ने पर पशु की मृत्यु भी हो सकती है। संक्रमांक बीमारी एक पशु में होने पर पूरे ग्राम के पशुओं को प्रभावित करती है। बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय पशुओं का टीकाकरण ही है। पशुपालक अपने ग्राम के निकटस्थ पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर अपने संपूर्ण ग्राम में टीकाकरण करवाएं।

### सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए कई हेल्पलाईन संचालित की जा रही हैं। ये हेल्पलाईन 108 समस्त मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग ह॥, राज्यमार्ग स॥, प्रमुख जिला सड़क, ग्रामीण सड़क) मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, 1099 राज्यमार्ग (स॥) पर म.प्र. सड़क निगम द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, 1033- राष्ट्रीय राजमार्ग (ह॥) पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, डॉयल 100 किसी भी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए है।

### भगवान और भक्त के बीच सेतु है गुरु : डॉ. श्रुतपूर्णा

**पिपलियामण्डी।** भगवान त क पहुंचने में हम असमर्थ है, लेकिन गुरु का हाथ पकड़कर हम वहां पहुंच सकते है। भगवान और भक्त के बीच का सेतु गुरु है। पिपलिया में ज्ञानार्जन चार्तुमास के बाद साध्वी श्रुतपूर्णा मसा ने नाकोड़ा में भक्तों को संबोधित करते हुए कही। मसा ने कहा गुरु के बिना जीवन शुरु नही हो सकता। हम जीवन में फेमेली डॉक्टर, वकील व सीए रखते है, वैसे ही फेमेली गुरु रखना चाहिए। गुरु दूसरों से नही दूसरों के लिए जलता है। गुरु से सुख, दुख में सदैव अच्छा मार्गदर्शन मिलता है।





## समाज हित में आगे आया युवाओं का वर्ग, शिक्षित युवाओं का होगा सम्मान

- गंधर्व युवा सामाजिक सेवा समिति मध्यप्रदेश की बैठक मंदसौर जिले में सम्पन्न

**नाटाराम/नाहरगढ। समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने एवं मुख्य धारा से जोड़ने के साथ गंधर्व युवा सामाजिक सेवा समिति मध्य प्रदेश की बैठक समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के युवाओं को सम्मानित किया जाएगा।** यह बात गंधर्व युवा सामाजिक सेवा समिति मध्यप्रदेश की बैठक में मंदसौर मे समाज के वरिष्ठ एवं पूर्व शिक्षक केंद्रीय विद्यालय मांगीलाल असवार अरनोद ने कहीं। बैठक में रमेश बामणिया नेतावली ने कहा की युवाओं को सामाजिक क्षेत्र मे आगे आने की आवश्यकता है। सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम गंधर्व (राजाखेडी) भुनियाखेडी ने कहा कि शासकीय योजनाओं के लाभ समाज के हर व्यक्ति को मिले इसके लिए प्रयास करना है। साथ ही समाज का शीघ्र ही युवक युवती परिचय सम्मेलन करना है। राहुल गंधर्व नाटाराम ने कहा की संगीत की शिक्षा में हम अव्वल है यह बात सही है।,रोजगार से भी युवाओं को जोड़ना होगा।

> अनूप गंधर्व राजपुरा ने कहा कि समाज मे शिक्षा के साथ ही अनुशासन भी अनिवार्य है। सफलता तभी मिलेगी जब हम एकजुट होकर सकारात्मक कार्य को परिणाम तक पहुंचाएंगे। सुमित बामनिया मंदसौर ने कहा कि समाज में रचनात्मक कार्यों की जरूरत है। जिससे समाज के युवा अधिक से अधिक जुड़ पाए। अभिषेक असवार भुनियाखेडी ने कहा की समाज के शिक्षित युवाओं को करियर के बारे मे जानकारी के लिए प्लेटफॉर्म होना आवश्यक है। चिंटू गंधर्व ने कहा की समाज हित में सभी को एक मंच पर आना होगा। कार्यक्रम का संचालन हरिओम गंधर्व ने किया। आभार जितेंद्र गंधर्व हाडी पिपलिया ने माना।

## पशुपालक पशुधन बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं

**मंदसौर। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड अभियान के अंतर्गत पशुपालकों को कार्यशील पुंजी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु पशुपालन गतिविधियों से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।** पशुपालक पशुधन बीमा योजना का लाभ लेकर अपने पशुधन हानि को रोक सकते हैं। एक पशुपालक द्वारा अधिकतम 10 पशुओं का बीमा कराया जा सकता है। पशुओं में होने वाली गलघोटू, एक टगीया, खूर पका, मुँह पका आदि बीमारियों की रोकथाम हेतु नजदीकी संस्था से संपर्क कर टीकाकरण का लाभ लें। भारत शासन एवं राज्य शासन के सहयोग से जिले के पशुपालकों को घर पहुंच उपचार आदि की सेवायें देने हेतु चल पशु चिकित्सा इकाई 1962 कमशः मंदसौर, दलौदा, मल्हारगढ, सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ, गरोठ एवं भानपुरा में संचालित है, पशुपालक 1962 कॉल सेन्टर पर कॉल कर सशुल्क 150 रू प्रति पशु सेवा का लाभ प्राप्त करें। प्रगतिशील पशुपालक मादा बछिया (फिमेल कॉफ) की प्राप्ति हेतु गाय, भैंस के गर्मी (हीट) आने पर सेक्स सोर्टेड सीमन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान करावें व स्थानीय पशु चिकित्सक से संपर्क कर योजनाओं का लाभ उठावे।



## माता-पिता की स्मृति में किया वृक्षारोपण, शैक्षणिक सामग्री वितरित

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शा.प्रा. विद्यालय डिगांवमाली मे वृक्षारोपण किया गया। प्रधानाध्यापक मनीष पारिख द्वारा माता पिता की स्मृति मे दो पौधे अशोक तथा चमेली लगाए गए। पुर्व मे भी 25 पौधे ट्र गार्ड सहित लगाए गये। जो अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं।** शाला बाल केबिनेट के प्रधानमंत्री मनीष मालवीय, उपप्रधानमंत्री रितिका दमामी, पर्यावरण मंत्री हिमांशु मालवीय तथा निखिल पारदी सहित 12 पदो पर मनोनीत पदाधिकारियों ने प्रतिदिन पौधो को जल देने तथा संरक्षण करने का बेड़ा उठाने का संकल्प लिया है। साथ ही साफ - सफाई स्वच्छता हेतु एक एक साबुन लाकर शाला मे देने का संकल्प लिया।बाल्टी मग्गा तथा छोटी कुदाली लाकर शाला मे देने का संकल्प प्रधानमंत्री मनीष मालवीय ने लिया। विद्यालय परिवार द्वारा 2100/- रुपये की शैक्षणिक सामग्री बालपोथी, इंग्लिश रीडर, स्क्रैच पेन, पेंसिल रबर तथा पेन शोपनर देकर सभी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढाया। पारिख ने कहा कि स्वच्छता तथा पर्यावरण सहित' देश सेवा' के भाव जागृत कर राष्ट्र प्रथम की भावनाओं पर बल दिया। भारतीय सेना के समान ही विद्यालय को यूनिफार्म है.

## धर्म-आस्था

**शिवना शुद्धिकरण के 53 वें दिन श्रमदानियों ने नदी किनारे झाड़ियां साफ कर 3 ट्रॉली गंदगी हटाई**

## शिवना नदी को साफ व स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है : विधायक जैन



**मन्दसौर। विधायक विपिन जैन के आव्हान पर चल रहे प्रति रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 53 वें दिन भी जारी रहा। सुबह 7:00 से 9:00 बजे के बीच रोजाना दो घंटा चलने वाले श्रमदान में सुबह से ही श्रमदानी शिवना नदी किनारे पहुंचे और नदी के किनारे बारिश के मौसम में उग आई गाजर घास व झाड़ियां साफ करी। साथ ही नदी से प्लास्टिक की थैलियां व घाट से 3 ट्राली गंदगी श्रमदानियों ने हटाई गई।**

श्रमदान के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक विपिन जैन ने कहा कि हम सबका व हर मंदसौर वासियों दायित्व हे कि शिवना नदी साफ, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रहे इसके लिए नदी में कोई भी कचरा व गंदगी ना डालें। शिवना शुद्धिकरण के 53 वें दिन रविवार को श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन, समाजसेवी महेश दुबे, रामचन्द्र मालवीय पूर्व टीआई, राकेश जैन पिंटू, विजय आनंद, रामनारायण मालवीय पूर्व सैनिक, रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, नमन पालीवाल, भंवरलाल प्रजापत, अभिषेक तिवारी, मोहित वर्मा, अजय वर्मा, विशाल वर्मा, देवेश शर्मा, गांव अमलावद से कैलाश कुमावत, इंद्रेश कुमावत भगत, महिपाल सिंह परिहार, आकोदड़ा गांव से मुकेश यादव, राकोदा गांव से मूलचंद पाटीदार, महिला नेत्रीयो मे इष्टा भाचावत, सोनाली जेन, अनिता भदोरिया, प्रमिला पंवार, वर्षा धोसरिया, योगिता बैरागी, मीना चौहान, कौशल्या त्रिवेदी, कांग्रेसजन मे सर्वश्री तरूण खिंची, विकास दशोरा, राजनारायण लाड़, दिलीप देवड़ा, रमेश सिंगार, राजेश फरक्या, संजय नाहर, विश्वास दुबे, योगेश जोशी, अजय सोनी, सादिक गौरी, रमेश ब्रिजवानी, महेश गुप्ता, शिवशंकर सोलंकी, महेंद्रपूरी गोस्वामी, राकेश सेन आदि थे।

## सुपोषित मध्यप्रदेश की दिशा में सशक्त पहल : निर्मला भूरिया

- महिला-बाल विकास योजनाओं की केवड़िया सम्मेलन में प्रभावशाली प्रस्तुति



**मंदसौर। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने गुजरात के केवड़िया में आयोजित जोनल सम्मेलन में मध्यप्रदेश की योजनाओं और नवाचारों की सराहनीय प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि राज्य में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण हेतु सतत प्रयास हो रहे हैं।**

उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन नियुक्ति से 19,500 पद पारदर्शी रूप से भरे जा रहे हैं। पोषण सुधार हेतु ढ्ढढ्ढस्र भोपाल के सहयोग से पोषण ट्रैकर डेटा में सुधार हुआ है। झाबुआ के मोटी आई कार्यक्रम और डिण्डौरी के रेवा प्रोजेक्ट जैसे नवाचार प्रभावी साबित हो रहे हैं।

सशक्त वाहिनी कार्यक्रम के तहत 11,000 बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया है। महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन 181 व 1098 का श्वक्रस्स-112 से एकीकरण कर अब तक 86,000 मामलों का 91त्न समाधान किया गया।

## नीमच

## एक नजर में

### ढोल, ताशों की गूंज के साथ आज होगी महादेव की महाआरती



**अठाना।** श्री तेजेश्वर मंशापूर्ण महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी गंभीरी नदी के तट पर स्थित प्राचीन ऐतिहासिक श्री तेजेश्वर मंशापूर्ण महादेव मंदिर पर श्रावण माह के प्रत्येक सोमवार को महाआरती का आयोजन ढोल ताशो के नाद के साथ रखा गया है जिसमें आज दिनांक 14 जुलाई को श्रावण माह के प्रथम सोमवार को तेजेश्वर महादेव का शाही श्रृंगार कर शाम 7 बजे महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं समिति के सदस्यों द्वारा आने वाले श्रावण माह के प्रत्येक सोमवार को भी अलग-अलग रूप में बाबा का श्रंगार कर महा आरती की जाएगी द्वितीय सोमवार को बाबा का अघोरी श्रृंगार, तृतीय सोमवार को बाबा बर्फानी श्रृंगार, एवं अंतिम सोमवार 4 अगस्त को बाबा का छबीला श्रृंगार कर शाही सवारी का आयोजन किया जाएगा जिसमें तेजेश्वर महादेव पालकी में सवार होकर पूरे नगर का भ्रमण करेंगे।

### रास्ता पूछने के बहाने मंगलसूत्र छीनकर फरार

सरवानिया महाराज। समीप स्थित ग्राम आमलीभाट में अपने खेत के किनारे रोड़ पर कार्य कर रही एक महिला से मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने रास्ता पूछने का बहाना बनाकर गले से मंगल सूत्र छिनकर फरार होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताते चले कि महिला जावेद जनपद सदस्य के परिवार से जुड़ी हुई है और वह अपने खेत किनारे सड़क पर कार्य कर रही थी। इस बीच दो अज्ञात लोगों ने ग्राम खोर का रास्ता पूछने के बहाने से महिला से बात करते हुए गले से मंगल सूत्र खींचकर फरार हो गए। मामले में सरवानिया महाराज पुलिस चौकी पर अपराध दर्ज कराया गया। मामले में सरवानिया पुलिस जांच में जुट गई है।

### नीमच के जनपद सीईओ खान को, मनासा जनपद सीईओ का दायित्व

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जनपद पंचायत नीमच के सीईओ श्री आरिफ खान को जनपद पंचायत मनासा के जनपद सीईओ का अतिरिक्त दायित्व सौंपा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव द्वारा इस संबंध में जारी आदेश अनुसार जि.प.नीमच के अतिरिक्त सीईओ एवं जनपद पंचायत मनासा के सीईओ श्री अरविंद डामोर का शासन द्वारा नीमच से सिंगरौली स्थानांतरण कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा श्री डामोर को सिंगरौली जिले के लिए कार्य मुक्त कर दिया गया है। अतः जनपद पंचायत मनासा के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार नीमच जनपद के सीईओ श्री आरिफ खान को सोंपा गया है।

### जिले में अब तक औसत 348.1 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 348.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 199.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू अभिलेख नीमच से प्राप्?त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 310.5 मि.मी., जावद में 410 मि.मी., सिंगोली में 449 मि.मी. एवं मनासा में 223 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 193 मि.मी. जावद में 213 मि.मी. एवं मनासा में 193 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 13 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 9.25 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नीमच में 7, जावद में 8, एवं मनासा में 22 मि.मी.

## शहर के बंसल चौराहे की मल्टी में हाई प्रोफाईल अंधे कत्ल का पर्दाफाश

- आरोपी अर्जुन मीणा डेढ़ वर्ष पूर्व पुताई का कार्य किया जाने के कारण घर की स्थिति से वाकिफ होकर पूर्व परिचित था
- वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से 5-6 बार प्रयास किया गया परन्तु वारदात को अंजाम नही दे पाया



नवभारत न्यूज

**नीमच। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.07.25 की रात्रि बंसल चौराहा स्थित सिंहल मल्टी आर्शीवाद भवन के फ्लेट में हुए महिला के अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर हत्या के प्रकरण में शामिल मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।**

दिनांक 11.07.25 की रात्रि फरियादी गिरधारीलाल गोयल पिता ताराचंद गोयल उम्र 74 साल निवासी सिंहल मल्टी आर्शीवाद भवन बंसल चौराहा फ्लेट नम्बर 305 तीसरी मंजिल नीमच ने थाना उपस्थित आकर बताया कि मै उक्त पते पर रहता हुँ तथा मेरी गोपी मिष्ठान के पास जाजु बिल्डींग की गली मे शिव प्लास्टीक की दुकान है मै अपनी दुकान रात्रि करीब 08.15 बजें बंद कर अपने घर सिंहल मल्टी आर्शीवाद भवन बंसल चौराहा फ्लेट नम्बर 305 तीसरी मंजिल पर पहुँचा जहाँ दरवाजे पर धक्का देकर अंदर गया तो मेरी पत्नि लीला देवी पति गिरधारीलाल गोयल निवासी सदर घर के बैडरूम मे चित्त अवस्था मे पडी हुई थी तथा उसकी गर्दन में से खुन निकला होकर पुरा बिस्तर पर खुन से सना हुआ था, मेरे तीनो भतीजे मौके पर मेरे घर पहुँचे फिर हमने देखा तो मेरी पत्नि मर चुकी थी कोई अज्ञात बदमाश मेरी पत्नि के गर्दन के बाँयी तरफ जबडे के नीचे धारदार हथियार से वार करके उसकी हत्या करके चला गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन में अंधे कत्ल प्रकरण की पतारसी एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी नीमच केंट के नेतुत्व में थाना नीमच केंट, सायबर सेल एवं अन्य पुलिस थानें की संयुक्त टीम गठीत कि गई। हत्या करने वाले आरोपी की सीसीटीवी फुटेज प्राप्त की जाकर मुखबीर तंत्र से पतारसी करते मृतिका लीला देवी की हत्या में संदिग्ध अर्जुन मीणा निवासी बघाना द्वारा करने की सुचना पर उक्त् संद्विग्ध की तलाश करते पुलिस टीमों द्वारा उसके निवास स्थान पर दबिश देकर मुख्य आरोपी अर्जुन मीणा सहित को गिरफ्तार किया जाकर सदर अपराध के सबंधं में पुछताछ करते आरोपी अर्जुन मीणा द्वारा गिरधारीलाल गोयल के सिंहल मल्टी आर्शीवाद भवन बंसल चौराहा फ्लेट नम्बर 305 तीसरी मंजिल नीमच में चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान लीला देवी की गर्दन पर चाकु से वार कर हत्या करना स्वीकार किया।



## स्थापना दिवस

**झूठे प्रकरण को निरस्त करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओपी को दिया ज्ञापन**

## पूर्व सरपंच के खिलाफ दर्ज प्रकरण को लेकर कांग्रेसियों ने किया थाने का घेराव



**सिंगोली। तहसील क्षेत्र के गांव बड़ी के पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर के खिलाफ सिंगोली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए झूठे प्रकरण के बाद संपूर्ण जावद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोक्ष व्याप्त हो गया था।** रविवार को कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार के नेतृत्व में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सिंगोली पुलिस थाने का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। तथा पूर्व सरपंच के खिलाफ दर्ज झूठे प्रकरण को वापस लेने की मांग की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयो का आरोप है कि गुरुवार शाम पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के बाद शुक्रवार सुबह उसे थाने पर बुला लिया गया था। जब रामलाल गुजर सुबह 11 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक थाने पर ही था, तब पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरण के मुताबिक वह सवा तीन बजे शिकायत कर्ताओं से विवाद मारपीट और गाली गलौज करने कब बाहर आया? थानाधिकारी भूरालाल भाबर ने भाजपा और संघ के इशारे पर झूठा प्रकरण दर्ज कर उसे जेल भिजवाया है। हालांकि रामलाल गुर्जर की शनिवार को जमानत हो चुकी थी, लेकिन प्रकरण निरस्ती की मांग को लेकर ब्लॉक और नगर कांग्रेस ने संयुक्त कार्यक्रम आयोजित कर रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे सिंगोली पुलिस थाने का घेराव किया। इससे पूर्व 11 बजे कार्यकर्ता कस्बा स्थित गांधी भवन पर जुटे तथा यहीं से कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार के नेतृत्व में पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नया बस स्टेंड, तिलस्वां चौराहा और नीमच सड़क मार्ग होते हुए पुलिस थाने पहुंचे।




## हज वेलफेयर सोसायटी का मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**नीमच। टाऊन हॉल में ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसयटी, नीमच द्वारा आयोजित मुस्लिम मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम एक ऐतिहासिक रूप में संपन्न हुआ।** कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर क़ाज़ी सद्दाम हुसैन अत्तारी थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी चौरसिया (चांसलर, ज्ञानोदय यूनिवर्सिटी, नीमच) थीं उन्होंने अपने प्रेरणादायक उदबोधन में कहा कि शिक्षा लोकतांत्रिक समाज की रीढ़ है, यह ज्ञान और परंपरा का हस्तांतरण करती है और एक बेहतर समाज के निर्माण की नींव रखती है। उन्होंने कहा कि विद्या एक ऐसा धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। ज्ञानोदय यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों की शिक्षा और काउंसलिंग के लिए सदैव तत्पर है।मोहम्मद शाहिद कुरैशी ने शिक्षा की अहमियत और जीवन में ईमानदारी के मूल्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि जावेद मेव (ट्रेनिंग कलेक्टर) ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए योजना, मेहनत और मोटिवेशन बेहद ज़रूरी है, मुबारक पठान ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया, इलियास खान ने टेक्निकल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।




## रक्तदाता क्लब- जीवनदायिनी मानवता का प्रतीक

- रक्तदाता क्लब के 12 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को पुराने शासकीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन, 127 युनिट का हुआ दान

**मनासा। जब समाज के बीच निस्वार्थ सेवा और संवेदना की बात होती है, तब रक्तदाता क्लब जैसे संगठन प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरते हैं। यह सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि उन हजारों दिलों की धड़कन है जो किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने की भावना से प्रेरित होकर रक्तदान करते हैं।** 2014 में शुरू हुई यह पहल आज एक विशाल रूप ले चुकी है। लगभग 7000 से अधिक पंजीकृत रक्तदाता, जिनमें हर वर्ग, हर आयु और रक्तदाता क्लब की टीम मिनटों में रक्तदाता खोजती है और अस्पताल तक रक्त पहुंचाने का जिम्मा उठाती है। जिले में 83 ऐसे नन्हें बच्चे हैं जो थैलेसीमिया जैसी लाइलाज बीमारी से जूझ रहे हैं, और हर महीने उन्हें रक्त की ज़रूरत होती है। क्लब द्वारा बिना रिप्लेसमेंट के हर माह इन बच्चों को रक्त उपलब्ध कराना एक संवेदनशील और सतत सेवा है ।